## न्यूज डायरी



### चीन की खतरनाक चाल, जमीन के नीचे बनी सुरंगों में छिपाई पनडुब्बियां और युद्धपोत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चीन। चीन की खतरनाक चाल, जमीन के नीचे बनी सुरंगों में छिपाई पनडुब्बियां और युद्धपोतकोरोना महासंकट के बीच साउथ चाइना सी को लेकर चीन और अमेरिका में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। दोनों ही देशों के जंगी जहाजों ने साउथ चाइना सी में अपनी गश्त बढ़ा दी है। इस बीच चीन की नौसेना को लेकर एक बड़ा खुलासा हुआ है। चीन ने अपनी पनडुब्बियों को जमीन के अंदर बनी सुरंगों में छिपा दिया है। फोर्ब्स पत्रिका की रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने अपने 9000 मील तक फैले तटीय इलाके में कई नौसैनिक ठिकाने बनाए हैं। दरअसल, चीन इस रणनीति पर काम कर रहा है कि अगर अमेरिका अचानक हमला करके उसके किसी ठिकाने को तबाह भी कर दे तो वह आसानी से पलटवार कर सके। इसी दौरान चीन ने अपने कुछ नौसैनिक ठिकानों में विशाल जमीनी सुरंगें बनाई हैं।

### दक्षिण कोरिया में कल से शुरू होगा के–लीग फुटबॉल टूर्नामेंट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। दक्षिण कोरिया की फुटबॉल लीग का सत्र शुक्रवार से शुरू होगा जो इस बात का संकेत है कि कोरोना वायरस महामारी के प्रकोप के बाद देश में जीवन एक बार फिर पटरी पर लौट रहा है। कोरिया में तीन दिन पहले बेसबाल लीग भी शुरू हुई है।के–लीग को 29 फरवरी को शुरू होना था लेकिन इस दिन देश में कोरोना वायरस संक्रमण के 909 मामले सामने आए थे जो देश में किसी दिन इस संक्रमण के सर्वाधिक नए मामले थे। हफ्तों तक गहन परीक्षण और संक्रमितों की पहचान के बाद अप्रैल के मध्य में नए संक्रमित लोगों की संख्या एकल अंक में आ गई।फुटबॉल अधिकारी नियमित रूप से मेडिकल विशेषज्ञों से सलाह मशविरा कर रहे थे और उन्हें सलाह दी गई थी कि अगर दो हफ्तो तक नए मामलों की संख्या 30 से कम रहती है तो तो लीग सत्र को शुरू किया जा सकता है।

### अमेरिकी परिवारों ने 2019 में 241 भारतीय बच्चों को गोद लिया: रिपोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका की एक आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी परिवारों ने 2019 में 241 भारतीय बच्चों को गोद लिया। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बुधवार को इस संबंध में जारी अपनी 12वीं सालाना रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2019 में दूतावास अधिकारियों ने अमेरिकी नागरिकों द्वारा विदेशों में गोद लिए गए (2,677) बच्चों और अमेरिका में गोद लिए गए बच्चों (294) को 2,971 प्रवासी वीजा जारी किए।रिपोर्ट के अनुसार 2019 में चीन से 819, यूक्रेन से 298, कोलंबिया से 244, भारत से 241 और दक्षिण कोरिया से 166 बच्चे गोद लिए गए।बच्चों संबंधी मामलों पर विशेष सलाहकार मिशेल बर्नी टोथ ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि इस रिपोर्ट में अमेरिकी परिवारों द्वारा अन्य देशों से गोद लिए गए बच्चों की कुल संख्या में गिरावट देखी गई है। इसका मुख्य कारण दो देशों, चीन और इथियोपिया से गोद लिए जाने वाले बच्चों की संख्या में आई गिरावट है।

### इराक के पूर्व खुफिया प्रमुख मुस्तफा अल–कदीमी ने ली पीएम पद की शपथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बगदाद। इराक में कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के कारण पैदा हुए गंभीर आर्थिक संकट के बीच खुफिया एजेंसी के पूर्व प्रमुख मुस्तफा अल–कदीमी ने देश के अगले प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली।संसद सत्र में 255 सांसदों ने भाग लिया और इराक के प्रधानमंत्री के तौर पर मुस्तफा अल–कदीमी के नाम के प्रस्ताव को मंजूरी दी, जिससे देश में पांच महीने से चल रहा नेतृत्व का संकट खत्म हो गया। कदीमी को जब प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत किया गया था तो उन्होंने खुफिया प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने ऐसे समय में प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभाला है, जब तेल राजस्व में गिरावट के बीच इराक अभूतपूर्व संकट का सामना कर रहा है। यह सरकार समस्याओं का समाधान करेगी, न कि संकट बढ़ाएगी।'

# वुहान की लैब से पैदा हुआ कोरोना: अमेरिका

## अमेरिका ने चीन पर लगाया आरोप, पहले होनी चाहिए थी कार्रवाई

**आरोप**

- विदेश मंत्री का दावा, हैं पर्याप्त सबूत



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पॉम्पियो ने बुधवार को एक बार फिर दावा किया है कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के पास पर्याप्त जानकारी है, जिसके दम पर उसे यह विश्वास है कि घातक कोरोना वायरस चीन के वुहान की लैब से ही पैदा हुआ है। पॉम्पियो ने 'फॉक्स न्यूज' को दिए एक साक्षात्कार में कहा, हमने इस संबंध में जो खुफिया जानकारी एकत्र की है, मैं उसके बारे में नहीं बता सकता, लेकिन हमारे पास इतनी जानकारी है कि हम अब हमें इस बात पर पूरा भरोसा है।

चीन ने वायरस और वैक्सीन एक साथ बनाया होगा। इसीलिये केवल 4600 लोगों के मरने के बाद इतनी जल्दी कंट्रोल कर लिया। जबकि दुनिया में लाखों लोगों के मरने के बाद भी कंट्रोल नहीं हो रहा। मंत्री ने कहा कि उन्होंने इस बात के सबूत देखे हैं कि यह वायरस वुहान की लैब से निकला है। उन्होंने कहा, मैंने इस बात को अस्वीकार करने वाले सबूत भी देखे हैं। हमें इस बात की तह तक जाना चाहिए, इसलिए हम पिछले कई महीनों से कह रहे हैं कि पश्चिमी देशों को इस सूचना तक पहुंच मुहैया कराई जाए। इस वायरस से अमेरिका में 70,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 12 लाख से अधिक लोग संक्रमित पाए गए हैं।

चीन ने शुरू में जोर देकर कहा था कि कोरोना वायरस वुहान की वन्यजीवों की वेट मार्केट से आया। उन्होंने कहा था कि कोरोना वायरस चमगादड़ों से इंसान में आया जो वेट मार्केट में बेचे जाते हैं। चीन के इस दावे पर दुनियाभर में संदेह है। यही नहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि उनका देश कोरोना के स्रोत की गंभीरता से जांच कर रहा है और अगर चीन को दोषी पाया गया तो उसके ऊपर अरबों डॉलर का जुर्माना लगाया जाएगा।

**पहले होती कार्रवाई:** पॉम्पियो ने कहा, यहां जो हुआ है, वह नहीं होना चाहिए था। हमें पता है कि यह चीन के वुहान से निकला है। हमें पता है कि चीन को कम से कम दिसंबर तक इस बारे में जानकारी हो गई थी, लेकिन उन्होंने त्वरित कार्रवाई नहीं की और चीन के कहने पर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने उचित समय पर इसे वैश्विक महामारी घोषित नहीं किया।

हमें केवल इसी संकट पर काम करने के लिए सूचना की आवश्यकता नहीं है, बल्कि हमें इस जोखिम को कम करने और यह सुनिश्चित करने के लिए सूचना तक पहुंच की आवश्यकता है कि ऐसा दोबारा नहीं हो। डब्ल्यूएचओ के मामले पर उन्होंने कहा, डब्ल्यूएचओ को दोबारा असफल होने की अनुमति देना अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि यदि संगठन अपना काम करने में असफल रहता है, तो अमेरिका उसका हिस्सा नहीं रहेगा।

## यूरोप में ब्रिटेन बना कोरोना का सबसे बड़ा गढ़

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। ब्रिटेन में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस महामारी से 693 लोगों की मौत हुई है। कोरोना से अब तक देश भर में 29,427 लोगों की जान गई है। इसके साथ ही यहां कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या पूरे यूरोप में सबसे अधिक हो गई है। हालांकि, नए आंकड़ों से पता चला है कि देश में कोरोना वायरस संक्रमण से 30,000 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है जो आधिकारिक आंकड़ों से कहीं ज्यादा है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (ओएनएस) ने कहा कि कोविड–19 की वजह से इंग्लैंड और वेल्स में 24 अप्रैल तक 29, 710 लोगों की मौत हुई है, जबकि इसी अवधि के आधिकारिक आंकड़ों में 22,173 लोगों की मौत की बात कही गई है। सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़े सरकारी आंकड़ों से 34 प्रतिशत ज्यादा हैं। स्कॉटलैंड और नॉर्दन आयरलैंड के आकंड़े अलग से जमा किए गए हैं, जिसके बाद आंकड़ा 30,000 के पार चला गया।

ब्रिटेन के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अब तक 29,427 लोगों की मौत हो चुकी है, जो इटली के 29,315 मौत के आंकड़ों से अधिक है। सांख्यिक कार्यालय के आंकड़े में उन मौतों को भी शामिल किया गया है जो कोविड–19 के संदिग्ध थे और उनकी जांच नहीं हुई थी।



**बेघर बुजुर्ग को नहलाते पुलिसकर्मी ने पेश की इंसानियत की मिसाल**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लरकाना। पाकिस्तान का सिंध प्रांत बुरी तरह से कोरोना वायरस की चपेट में है। यहां लोगों को लॉकडाउन के चलते दोहरी मार पड़ी है। खासकर गरीब आबादी बेहद मुश्किल में है और प्रशासन की ओर मदद की उम्मीद में देख रही है। इसी बीच सिंध से एक ऐसा वीडियो सामने आया है जिसने इंसानियत की मिसाल पेश की है। यहां एक पुलिसकर्मी बेघर बुजुर्ग को अपने हाथ से नहलाता दिख रहा है। वीडियो सिंध प्रांत के लरकाना का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक यह बुजर्ग व्यक्ति मानसिक रूप से अस्वस्थ था और बेघर भी।

## नर्स का दर्द, मरते मरीजों में से किसका हाथ थामें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। ब्रिटेन में एक नर्स ने कोरोना मरीजों की दिल दहलाने वाली कहानी बयां की है। उसने बताया है कि यहां के अस्पतालों में मरीजों की संख्या इतनी अधिक हो चुकी है कि कई मरीजों को भर्ती नहीं किया जा रहा है। उसका कहना है, एक वक्त ऐसा आया, जब उसे दो मरीजों में से किसी एक को बचाने की नौबत आ गई। ल्यूक सुमनेर ब्रिटेन के एक हॉस्पिटल में नर्सों की टीम के हेड हैं।

वह बताते हैं कि उनकी वॉर्ड में एक साथ कई लोग भर्ती थे और सबकी हालत नाजुक थी। उनके परिवार वालों को उनसे मिलने पर रोक लगी है। ऐसे में उनके लिए मुश्किल हो गया कि मरीजों के अंतिम पलों में किसका हाथ थामना है और किसे छोड़ना है। वह बताते हैं, कुछ दिनों पहले मैं दो मरीजों के बीच था और मुझे पता नहीं था कि जब इनकी मौत होगी, तो वे किसके साथ बैठेंगे। उनमें से एक मरीज का परिवार उनके संपर्क में था। हम उनकी बेटी को फोन के जरिए बात कराने में सफल रहे।

**मरीजों की संख्या इतनी अधिक हो चुकी है कि मरीजों को भर्ती नहीं किया जा रहा**

वह बताते हैं, मैं नहीं चाहता था कि जब किसी की मौत हो तो उसे पूरी तरह अकेला छोड़ दिया जाए, क्योंकि उनके परिवार वाले भी ऐसा कभी नहीं चाहेंगे। इसलिए मैं एक मरीज की बेड की बगल में बैठ गया। उन्होंने बताया कि ब्रिटेन में काफी तेजी से कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

**यूरोप में सबसे ज्यादा मौतें**

बता दें कि ब्रिटेन में पिछले गुरुवार तक 24 घंटे में कोरोना वायरस महामारी से 693 लोगों की मौत हुई है। कोरोना से अब तक देश भर में 29,427 लोगों की जान गई है। इसके साथ ही यहां कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या पूरे यूरोप में सबसे अधिक हो गई है। हालांकि, नए आंकड़ों से पता चला है कि देश में कोरोना वायरस संक्रमण से 30,000 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है जो आधिकारिक आंकड़ों से कहीं ज्यादा है।

### भारत के ऐक्शन से पहले पाकिस्तान की चाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। जम्मू–कश्मीर में हाल ही में पाक प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए अलग–अलग अभियानों में 8 सैनिकों व पुलिसकर्मियों के शहीद होने के बाद भारत ने करारा जवाब देने की बात कही है। भारत के इस मजबूत इरादे पर पाकिस्तान के पीएम इमरान खान के भीतर डर बैठ गया है तभी वह भारत पर आरोप लगा रहे हैं कि वह हालिया घटना को देखते हुए छद्म युद्ध लड़ सकता है। दरअसल, इमरान को सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक याद आ रही है जब भारत ने उरी व पुलवामा हमले के जवाब में पीओके व पाक में मौजूद आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया था। इमरान का बयान ऐसे समय में भी आया है जब आज ही घाटी में बुरहान वानी की जगह आतंक का नया चेहरा बने हिज्बुल मुजाहिदीन कमांडर रियाज नायकू को मार गिराया गया है। भारत पाकिस्तान के मंसूबों के खिलाफ कोई ऐक्शन ले इससे पहले ही उसने अंतरराष्ट्रीय जगत की अड्रेस करते हुए नई दिल्ली की नकारात्मक छवि गढ़नी शुरू कर दी।